# जोधपुर शहर में धर्म की सरिता बहा रहे हैं साधु-साध्वियां

**जोधपुर**, (कासं) । चतुर्मास प्रवास के चलते जोधपुर में अनेक स्थानों पर जैन साधु साध्वियों प्रवचन की सरिता बहा कर लोगों को धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा दे रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चौरड़िया भवन में विराजित सुमति मुनि म सा ने कहा कि अपनी आत्मा के समान सभी जीवों को मानना चाहिए। शरीर, इन्द्रियों के साथ जुड़े रहे तो शिथिलता आ सकती है लेकिन अपने आप पर, अपने आप पर आत्मा पर विश्वास है तो सोता हुआ व्यकि भी आराधना कर सकता है। हमारी श्रद्धा डांवाडोल नहीं हो। अज्ञानी हमेशा सोया हुआ रहता है लेकिन मुनि को भले ही शरीर से नींद आ जाय तो भी वह संयम में हर क्षण जागृत रहता है।

मुनि श्री ने कहा कि नैतिक बने बिना कोई धार्मिक नहीं हो सकता है। आप गलत कार्य करते हो तो उसको स्वीकार करो, झूठ मत बोलो।

इससे पहले महासतीजी नगीना श्री जी ने कहा कि व्यापारी को लाभ पर श्रद्धा होने पर वह धर्म नहीं कर सकते हैं। धर्म के लिए जुआरी की भांति धर्म श्रेत्र में आप , आस्था, श्रद्धा, विश्वास एवं भरोसे की शक्ति लगा दें ।श्रद्धा में शंकाठास्त नहीं रहे, जो मिला वह प्रभु कृपा से मिला।

महासती जी ने कहा कि आप आधिकरण क्रिया यानि बहस, लड़ाई झगड़े से दूर रहो। आप सही भी हो तो चुप रहना श्रेस्ठ है । क्योकि भाषा भी एक शस्त्र है। अनकही भाषा भी इशारे रूप में शस्त्र बन जाती है। सारे जीव जीना चाहते है, उनको पीडा मत पहुंचाओ।

जयमल स्मृति भवन महामंदिर में विराजमान 95 वर्षीय वरिष्ठ संत आचार्य अभय मुनि ने कहा कि पुण्य का लाभ हमे मिलता है साथ ही हमारी आने वाली पाढ़ियां भी लाभान्वित होती है, इसलिए नित्य प्रतिदिन पुण्य का एक काम अवश्य करना चाहिए।

मीडिया प्रभारी जितेंद्र नाहर ने बताया कि प्रवचन के दौरान बाहर से पधारे हुए महानुभावनों का संघ के महामंत्री शांतिलाल लुंकड़ ने आभार व्यक्त किया ।

श्री जैन श्वेतांबर खरतरगच्छ संघ की ओर से पाल रोड उद्यान अपार्टमेंट के पास स्थित श्री आदिनाथ जैन मंदिर में खचाखच भरे पंडाल में चातुर्मासिक प्रवचन देते हुए साध्वी वैराग्य निधि ने कहा, जहर थोडा मारक होता है तथा अमृत थोडा तारक होता है। परमात्मा का नाम स्मरण अमृत तुल्य है, मन लगे या न लगे, अमृत अपना असर जरूर दिखाएगा। परमात्मा का नाम स्मरण रसायन है, शरीर के अंग प्रत्यंगों को भी प्रभावित करता है। प्रभु भक्ति दवा है जो हमारे में नई स्फूर्ति व नए उत्साह का संचार करती है।

भक्त विनम्र व समर्पित होता है, भक्ति से अकड की पकड़ ढीली हो जाती है, भीतर की द्वेष बैर की ठांथियां खुल जाती है जिससे भविष्य में शरीर में ठांथि बीमारी के रूप में नहीं होगी।

### 62 आराधकों ने तप आराधना की

अमरनगर स्थित उजी तारा त्रिस्तुतिक जैन संघ भवन में चातुर्मास प्रवचन श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित संयम वंदनावली कार्यक्रम में पूज्य साध्वी कल्पलता, सौभाग्यगुणा एवं वैराग्यगुणा म.सा की पावन निश्रा में श्रद्धालु जनों द्वारा संयम उपकरणों की भक्तिपूर्वक पूजा संपन्न हुई।

कार्यक्रम में संयम उपकरणों का पूजन कर उन्हें आत्मसाधना हेतु अपने निवास स्थान पर ले जाने का पावन संकल्प श्रद्धालुओं ने लिया। यह आयोजन संयममय जीवन के प्रति जागरूकता, आत्मकल्याण की प्रेरणा और साधना की गंभीरता का जीवंत उदाहरण रहा।

चार घंटे तक चले इस भावपूर्ण कार्यक्रम का समापन पूज्य गुरुदेव की आरती से हुआ, जिसका लाभ सुरेन्द्र बागरेचा मुथा परिवार को प्राप्त हुआ। प्रभावना का लाभ अशोक पोरवाल, अरिहंत पेपर, रमेश सालेचा, प्रमोद-रवि भंडारी ने प्राप्त किया।

62 आराधकों ने आज उपवास, आयम्बिल, एकासना, बियासना तप किया, जिसका लाभ राजेन्द्र मित्र व महिला मंडल को प्राप्त हुआ।

संघ भावनाओं से ओतप्रोत इस आयोजन ने श्रावक-श्राविकाओं को संयम, साधना एवं आत्म कल्याण के पथ पर अठासर होने की प्रेरणा दी।

## भारत विकास परिषद् ने 121 पौधे लगाए

**पोकरण**,(नि.सं.)। भारत विकास परिषद शाखा पोकरण की ओर से हरित राजस्थान के तहत पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए रविवार को भणियाणा उपखंड के पुलिस थाना परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 121 पौधे लगाए गए।

परिषद के संयोजक संस्कार देवी सिंह भाटी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य परिसर को हरा-भरा बनाना और स्वच्छ वातावरण को बढावा देना है। उन्होंने कहा कि परिषद समाज के हर वर्ग को पर्यावरण जागरूकता से जोडने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर पुलिस थाना भणियाणा के थाना अधिकारी देवाराम गोदारा, विकास अधिकारी हनुमान राम, सरदार सिंह ढाणी के सरपंच केवल सिंह, समाजसेवी भैरूसिंह कडवासरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र पालीवाल, दिनेश सिंह राजपुरोहित,सहित थाना स्टाफ के सभी अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे। अतिथियों एवं अधिकारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और भविष्य में इस प्रकार की और गतिविधियों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।

# जोधपुर में बैंकों का राष्ट्रीयकरण दिवस मनाया



जोधपुर में भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी संगठन जोधपुर यूनिट ने राष्ट्रीयकरण दिवस मनाया।

**जोधपुर**, (का.सं.)। 19 जुलाई को भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी संगठन जोधपुर यूनिट ने बैंकों के 57 वें राष्ट्रीयकरण दिवस को मनाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवसर पर क्षेत्रीय सचिव राजेश गहलोत ने बताया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बैंकिंग सेवाओं को सुदृढ करने एवं आम गरीब जनता को बैंकिंग सेवाओं की सहज उपलब्धता के उद्देश्य से निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण आरम्भ किया था।

इस अवसर पर जोधपुर यूनिट द्वारा अपनी सामाजिक दायित्त्वों का निर्वहन करते हुए भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबन्धक संजीव उपाध्याय जोधपुर अंचल के नेतृत्व में जोधपुर शहर के निमा निम्डी मंडोर में संचालित अनुबंध वृद्धाश्रम में बेघर एवं जरूरतमंद बुजुर्ग लोगों को चादर एवं फल भेंट किये।

इस अवसर पर उप महाप्रबंधक संजीव उपाध्याय ने अनुबंध संचालक अनुराधा की समाज के बेघर बुजुर्ग लोगों के प्रति आत्मीयता, सहिष्ठता एवं सेवा भाव की सराहना करते हुए प्रशंसा की। संगठन के उप क्षेत्रीय सचिव सचिन ने भी अनुबंध के द्वारा किये जा रहे कार्यो को अद्वितीय बताते हुए कहा कि अनुबंध में आकर सभी को अपने परिवार के बुजुर्ग परिवार लोगों की यादों को संझोयें रखता है साथ ही यहाँ आकर अपनापण लगता है।

इस अवसर पर अधिकारी संगठन के पदाधिकारी देवी लाल चौहान, पराग गोयल, अजय सांखला, कैलास गहलोत, जगदीश गहलोत, मनमोहन भाटी सहित बैंक के कई अधिकारी मयंक गहलोत, शुभम मौर्य, दिनेश परिहार, पप्पी लाल, अलोक वैष्णव, पप्पू राम, मयंक मंगल, संदीप गहलोत आदि उपस्थित रहे।

अनुबंध के संचालन में सहयोगी समाज सेवी जगनाथ गहलोत ने बैंक अधिकारी संगठन की ओर से संस्थान के बुजुर्ग लोगों को प्रदान की गई इस सहायता के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही पूर्व में बैंक के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## 'गुड़ामालानी के विकास में कोई कमी नहीं रहेगी'

**गुड़ामालानी**, (निसं)। जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय बाड़मेर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को गुड़ामालानी उपखंड मुख्यालय स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कृष्ण कुमार विश्नोई, सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल, नरेंद्र कुमार जैन चैयरमेन, बाडमेर जिला कलेक्टर टीना डाबी, जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा, जिला परिषद कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष बालोतरा भरत मोदी, रोजगार विभाग के धर्मपाल मीणा,राणा कुलदीप सिंह राठौड, प्रधान बिजलाराम चौहान के निर्देशन में हुआ।

एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कृष्ण कुमार विश्नोई ने सम्बोधित करते हुए कहा कि गुडामालानी क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को इस कंपनीयों के जरीए युवाओं के भविष्य का निर्माण होगा । सरकार के दो साल पूरे होने है, और गुडामालानी में विकास में कोई कमी नहीं रहेगी। जनता का सहयोग रहा तो गुड़ामालानी राजस्थान में नाम से जाना जायेगा। कार्यक्रम में सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल, जिला अध्यक्ष भरत मोदी ने भी सरकार कि उपलब्धियां गिनाकर विकास कि बात कही । वही कार्यक्रम में 50 से अधिक प्रतिष्ठित निजी कंपनियां के अधिकारियों ने भर्ती के लिए योग्य अभ्यर्थियों का चयन कर नियुक्ति पत्र दिये गये ।

रोजगार सहायता शिविर में गुड़ामालानी, धोरीमन्ना सहित आस-पास क्षेत्र के ग्राम पंचायतों के हजारों युवाओं एवं ग्रामीणों ने भाग लिया । कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी केशव कुमार मीणा, नगरपालिका ईओ सुरेश कुमार जीनगर, थाना प्रभारी देवीचंद ढाका,नगर थाना प्रभारी आदेश कुमार, व्यापार मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम जैन सहित समस्त विभागों के अधिकारी तथा भाजपा के कार्यकर्ता एवं साधु संत उपस्थित रहे।

# पीराराम देवासी की स्मृति में रक्तदान शिविर लगाया



भंवरानी में स्व.पीराराम देवासी की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। निकटवर्ती भंवरानी कस्बे में रविवार को स्वर्गीय सरपंच पीराराम जी की 28वीं जन्म जयंती के तत्वावधान पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में 51 यूनिट रक्त इकट्ठा किया गया। आसपास के गांव बाला, सांडन, रायथल, नोसरा, पाणवा से कई लोग आए। लक्ष्मण कुमार ने बताया कि स्वर्गीय सरपंच पीराराम ने अपने जीवन में कई नेक काम किए। रक्तदान एक महान कार्य है जो किसी के जीवन को बचा सकता है । इस अवसर पर भाजपा जिला प्रवक्ता मुकेश राजपुरोहित, ओडवाडा प्रशासक लक्ष्मण पटेल भवरानी प्रशासक गोविंदराम सुथार, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सावला राम देवासी, अशोक कुमार प्रजापत ,अशोक सिंह राजपुरोहित ,सतवंत सिंह पडियार, दशरथ सिंह सांडन वगताराम बाला ,केशव सिंह सांकरणा, छगनलाल गर्ग व अस्पताल के डॉक्टर राधेश्याम गुप्ता, गणेशराम चौधरी अक्षय पाल सिंह , वेटेरनरी डॉक्टर पूराराम चौधरी भामाशाह भेराराम जी भाटी ,फूल सिंह दहिया, मदनलाल लखारा सहित कई लोग मौजूद थे।

# बाढ़ संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

**पोकरण**, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर प्रताप सिंह के निर्देशानुसार उपखंड अधिकारी भणियाणा महेश चंद्र मान ने रविवार को बाढ संभावित क्षेत्रों का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत रातडिया की रतिया नाडा में जलभराव की स्थिति का स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया एवं स्थिति की गंभीरता को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी ने भूरासर गांव में प्रारंभ हो रहे डायवर्जन चैनल के निर्माण कार्य का अवलोकन किया।

उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता, दिशा और बहाव के सुचारू संचालन की तकनीकी व्यवस्था का अवलोकन करते हुए कार्य को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही, फलसूंड क्षेत्र में लिक नदी पर बन रहे डायवर्जन चैनल का भी उपखंड अधिकारी ने निरीक्षण किया। उन्होंने वहां उपस्थित अधिकारियों एवं ग्राम विकास अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्य की गति तेज करने और अवरोधों को दूर करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने उपखंड क्षेत्र में संभावित डूब क्षेत्र राटेरिया नाडा, फुलसर गांव एवं फलसूंड में लिक नदी के संपूर्ण बहाव क्षेत्र का गहन निरीक्षण कर जहां-जहां जल प्रवाह में अवरोध पाए गए, वहां ग्राम विकास अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करते हुए अवरोध हटाने के निर्देश प्रदान किए। उपखंड अधिकारी ने कहा कि प्रशासन बाढ से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सभी विभागों को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन से सहयोग करें।

## जिला योगासन प्रतियोगिता आज

**जालोर**, (कासं)। स्वर्णगिरी स्पोर्ट्स फाउंडेशन जालोर के प्रशिक्षण केंद्र पर 21 जुलाई को जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

जालोर जिला योगासन संघ के अध्यक्ष दशरथ चौधरी ने बताया कि सत्र 2025 - 26 के लिए जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता 21 जुलाई को होगी। सचिव पुष्पेंद्र परमार ने बताया कि सब जूनियर, जूनियर, सीनियर एवं सीनियर ए,बी,सी पुरुष / महिला वर्ग में प्रशिक्षण केंद्र मामा जी का उण में होगी। सब जूनियर 10 से 14 वर्ष, जूनियर 14 से 18 वर्ष के बालक -बालिक, सीनियर 18 से 28 वर्ष, सीनियर ए 28 से 35 वर्ष, सीनियर बी 35 से 45 वर्ष, व सीनियर सी 45 से 55 वर्ष के पुरुष /महिला भाग ले सकेंगे। जन्म प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, आठवीं व दसवीं की मार्कशीट की फोटो कॉपी लेकर आएं।

## पूर्व विधायक स्व. जयंती लाल कोली के स्मृति स्थल पर पौधारोपण

**रेवदर**, (निसं)। उपखंड मुख्यालय के रानाडी ग्राम स्थित पूर्व विधायक स्वर्गीय जयंतीलाल कोली के स्मृति स्थल पर आज जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित एवं पूर्व विधायक जगसीराम कोली के मार्गदर्शन एवं मंडल अध्यक्ष लौहार के नेतृत्व में पौधे लगाकर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का संयोजन महामंत्री रावताराम ने किया,

महामंत्री दशरथ सोनी ने बताया की एक पेड मां के नाम कार्य म को सफल बनाने हेतु सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधों का रोपण किया गया। जिसमे आंवला, आम, पीपल, त्रिवेणी, जामफल, नीम, जामुन, पीपल आदि के पौधे रोपित किए गए, साथ ही. सभी कार्यकर्ताओ को पौधों को सुरक्षित रखने का संकल्प भी दिलाया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम के आव्हान से आमजन का पर्यावरण से जुडाव बढेगा, इस अभियान में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ साथ युवाओं, माताओं और बालकों के जुड़ने से निश्चित ही बड़े पैमाने पर पौधारोपण हो सकेगा और प्रकृति हरी भरी रहेगी।

इस मौके पर पूर्व विधायक जगसीराम कोली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य हर नागरिक को अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने लोगों से भावी पीढयों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अधिकाधिक पेड लगाने और उनकी देखभाल करने का आहवान किया।

मंडल अध्यक्ष लौहार ने कहा की भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अलग अलग बूथ पर सघन पौधोरोपण किया जा रहा है एवं आमजन में जागरूकता लाकर पौधोरोपण करने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री प्रकाश मेघवाल, जिला मंत्री अमराराम मेघवाल, सरपंच प्रतिनिधि वगताराम उपाध्यक्ष धनराज , विष्णु, ईश्वर मंडल मंत्री हड़मतदान सोशल मिडिया प्रभारी नारायण, निर्मल कोली, तरुण अग्रवाल, सुरेश सुमन गेपाराम , धनाराम जितेश, भूराराम, मोतीराम सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रूद्राभिषेक व विजया महोत्सव संपन्न

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर के निकटवर्ती लूणावास गांव के पास परिहारों की ढाणी स्थित प्राचीन ब्रह्मलीन बाबा भैरू पुरी आश्रम में रविवार को रुद्राभिषेक और विजया महोत्सव का आयोजन किया गया। महंत आशुपुरी भारती के सानिध्य में राम मंडल के तत्वावधान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में भजन गायक महेंद्र सिंह सोढा, किशोर गोस्वामी, महेश सेन, महेश देवड़ा, शिव झालामंड, राजकुमार दवे, कमल किशोर शर्मा बाबू भाई जोधपुरी सहित भजन गायकों ने भजनों की प्रस्तुति दी।

आश्रम के गादीपति महंत अशोक पुरी भारती ने बताया कि आश्रम 200 साल पुराना है। यहां पर ब्रह्मलीन बाबा भैरू पुरी महाराज ने तपस्या की थी। उनके आशीर्वाद से यहां आने वाले श्रद्धालुओं के काम होते हैं।

# कंसारा समाज की बैठक हुई

**पाली**, (नि.सं.)। रविवार को कंसारों का मठ महादेव मन्दिर परिसर में कंसारा समाज महासभा राजस्थान व सम्बंधित क्षेत्र के तत्वावधान में कंसारा समाज रोहट द्वारा महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष नारायणलाल कंसारा आमेट के मुख्य आतिथ्य व महासभा के सचिव रमेशकुमार कंसारा देवगढ़ तथा संगठन सचिव दिनेशचन्द्र कंसारा देवगढ़ के विशिष्ठ आतिथ्य में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान कंसारा समाज रोहट के चम्पालाल कंसारा, ईश्वरचन्द्र कंसारा, दिनेशकुमार कंसारा, अशोक कुमार सहित समाजबंधुओं ने समाज के विकास की दिशा में महासभा की ओर से किये जा रहे प्रयासों व प्रतावित कार्यों पर सहमति व्यक्त करते संगठन के मजबूती के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। साथ ही समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने व शिक्षा के क्षेत्र में समाज को आगे ले जाने का आव्हान किया। समाज सुधार एवं कुरीतियों को मिटाने के संबंध में चर्चा की गई।

महासभा ने बताया कि समाज में शैक्षिक, राज्य सेवा, राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही समाज की प्रतिभाओं के सम्मान के लिए आगामी 17 अगस्त को बिलाड़ा में समाज के कार्यक्रम के साथ प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन होगा। समारोह के दौरान पूरे राजस्थान से विभिन्न क्षेत्रों की समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जायेगा।

इस अवसर पर कंसारा समाज रोहट के चम्पालाल कंसारा, ईश्वरचंद कंसारा, श्याम सुंदर कंसारा, दिनेशकुमार कंसारा, भंवरलाल कंसारा, अशोक कुमार कंसारा, लोकेश कंसारा, शुभम कंसारा, कैलाश कंसारा, महेंद्र कंसारा, अक्षय कंसारा, नितेश कंसारा, जितेंद्र कंसारा, अजय कंसारा, ईश्वर कंसारा, नरसिंह कंसारा सहित कई जने मौजूद रहे।

# शिक्षा से ही समाज का विकास संभव, प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करें : विश्नोई

**सांचौर**, (निसं)। अमृता देवी शिक्षण संस्थान और गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी सांचोर के संयुक्त तत्वावधान में बिश्नोई धर्मशाला सांचौर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन स्वामी भागीदास शास्त्री के पावन सानिध्य में आयोजित किया गया।

पंचम बिश्नोई प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि युवा उद्योग एवं नियोजन मंत्री के के विश्नोई ने कहा कि समाज में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। उन्हें उचित समय पर आवश्यक मार्गदर्शन मिलना चाइए और आने वाले समय में राज्य सरकार द्वारा युवाओं के लिए रोजगार के कई अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। युवाओं से कठिन मेहनत, परिश्रम जारी रखने की अपील की। पूर्व मंत्री सुखराम विशनोई ने कहा कि जालोर जिले में समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए ऐसे कार्यक्रमों का नियमित रूप से आयोजन किया जाना चाहिए तथा युवाओं को नशावर्ती से दूर रहकर संस्कारमय शिक्षा अर्जित करनी चाहिए और उचित मार्गदर्शन प्राप्त कर अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए।



सांचौर में अमृता देवी शिक्षण संस्थान ने प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

इस अवसर पर अतिरिक्त कलेक्टर ओम प्रकाश बिश्नोई ने प्रतिभा सामान समारोह के आयोजन नियमित रूप से करने की बात कही तथा समाज की प्रतिभाओं को उच्च प्रतिष्ठित परीक्षाओं का मार्गदर्शन और कोचिंग प्रदान करने के लिए जोधपुर में समराथल फाउंडेशन के बारे में विस्तार से बताया तथा आने वाले समय में समाज का भविष्य निश्चित रूप से उज्जवल होगा । नव चयनित आईएस दिनेश बिश्नोई ने जीवन में सफलता का प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर कठोर परिश्रम और दृढ निश्चय के साथ तैयारी की जानी चाहिए , असफलताओं से घबराना नहीं चाहिए और उचित मार्गदर्शन प्राप्त कर लक्ष्य को प्राप्त करे। उन्होंने सिविल सर्विसेज परीक्षाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी ।

सीडीएस परीक्षा में चयनित दिशान्त भादू ने अपने जीवन की करियर यात्रा के बारे में बताते हुए युवाओं से सेना की विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने की बात कही।

अमृता देवी शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष मंगलाराम बिश्नोई ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम की आयोजन में सहयोग करने वाले भामाशाहों का आभार प्रकट किया तथा कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्रदान की। रिटायर्ड एडिशनल एसपी भगवानाराम बिश्नोई ने प्रतिभाओ को बैंकिंग, सेना और रेलवे सेक्टर की परीक्षा में सम्मिलित होने की बात कही। गुरुद्वारा प्रभंधन कमेटी के सचिव किशनलाल सारण ने संस्थान का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर शांति देवी प्रधान सरनाऊ,भीखाराम सारण , विकास अधिकारी चुन्नीलाल खिलेरी रामगोपाल घायल ,बीरबल राम पूनिया, मांगीलाल सारण , रामावतार मांजू,भामाशाह मणिलाल मांजू ,किशनलाल कडवासरा अहमदाबाद,पूनमाराम सारण, तेजाराम मांजू,राजूराम बांगडवा , हरिराम सियाग, पूनमचंद सियाक, गोवर्धन राम बांगडवा, भगवान राम सियाग बाबूलाल सियाग जयकरण खिलेरी, जयराम मांजू,पर्यावरणविद खमूराम राम बिश्नोई समेत कई महानुभाव उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कुलदीप सऊ ने किया। अंत में जिला प्रधान सुरजनराम साऊ ने अभार प्रकट करते हुए समाज से प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की बात कही।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सिवणा पंचायत समिति, जालोर**

क्रमांक/ग्रापं/2025-26/445 दिनांक: 18/07/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 02/2025-26**

ग्राम पंचायत सिवणा में वित्तीय वर्ष 2025-26 की अवधि के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की योजनाओ में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण साम्रगी एवं उपकरणो की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 (आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकत अनुभवी एंव इच्छुक विर्निमाता (ओ) / विक्रेता (ओ) / फर्मो /संवेदको / आपूर्तिकताओ से जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित /ब्लेक लिस्टेड नही हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाएं आमंत्रित की जाती है । ई-निविदा संबधी समस्त विस्तत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in. ई-निविदा ऑनलाईन अपलोड की जा सकती है ।

**NIB No. - ZJR2526A0393**
**UBN No. - ZJR2526GLOB00665**

सरपंच/ प्रशासक, ग्राम पंचायत सिवणा, पंचायत समिति जालोर
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सिवणा, पंचायत समिति जालोर

**कार्यालय ग्राम पंचायत सांथू पंचायत समिति, जालोर**

क्रमांक/ग्रापं/मनरेगा/2025-26/333 दिनांक: 18/07/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 02/2025-26**

ग्राम पंचायत सांथू में वित्तीय वर्ष 2025-26 की अवधि के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की योजनाओ में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण साम्रगी एवं उपकरणो की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 (आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकत अनुभवी एंव इच्छुक विर्निमाता (ओ) / विक्रेता (ओ) / फर्मो /संवेदको / आपूर्तिकताओ से जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित /ब्लेक लिस्टेड नही हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाएं आमंत्रित की जाती है । ई-निविदा संबधी समस्त विस्तत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in. ई-निविदा ऑनलाईन अपलोड की जा सकती है ।

**NIB No. - ZJR2526A0391**
**UBN No. - ZJR2526GLOB00663**

सरपंच/ प्रशासक, ग्राम पंचायत सांथू, पंचायत समिति जालोर
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सांथू, पंचायत समिति जालोर

**कार्यालय संयुक्त निदेशक कृषि (वि.) जि.प. जालोर**
**Email ID :- JDAGRZP.JALORE.AGRI@RAJASTHAN.GOV.IN**
**Phone No. 02973-222242**

क्रमांक - एफ ( ) / संयुनिकृ / निविदा / 2025-26/ 2382-87 दिनांक :-18/07/2025

**::- खुली निविदा सूचना ::-**

कृषि आयुक्तालय के पंत्राक एफ 8(5) आकृ/एटीसी/PKVY/ दि.नि./2025-26/2325-2525 दिनांक 27.05.2025 द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार जिला अन्तर्गत जैविक गतिविधियों हेतु चयनित क्लस्टर्स पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है । जिसमें की निविदानुसार जलपान / भोजन व्यवस्था एवं स्टेशनरी क्रय की जानी है । अतः इच्छूक पंजीकृत आपूतिकर्ता /फर्म /विक्रेता अपनी निविदा निम्नानुसार दिनांक व समय पर कार्यालय समय में निर्धारित निविदा प्रपत्र प्राप्त कर बंद लिफाफों में प्रस्तुत करे ।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम दिनांक व समय | 28-07-2025 | 11:00 AM |
| निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक व समय | 28-07-2025 | 02:00 PM |
| निविदा खोलेने की दिनांक व समय | 29-07-2025 | 11:00 AM |

| क्र.सं | नाम सामग्री | अनुमानित मूल्य रु | बोली प्रपत्र शुल्क रु | प्रतिभूति राशि रु (केवल डीडी स्वीकार्य ) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अल्पाहार व्यवस्था | 900000/- | 500/- | रु 18000 |
| 2 | स्टेशनरी किट | 126000/- | 200/- | रु 2520 |

निविदा से सम्बधित विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है ।

**NIB Code - AGR2526A0251**
**UBN No. -AGR2526SSOB00277**
**AGR2526GSOB00278**

(रामलाल जाट)
संयुक्त निदेशक कृषि (वि.)
जि.प. जालोर